चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/ 1639
दिनांक : 24.01.2020

विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय की वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत संचालित समस्त संस्थागत एवं व्यक्तिगत पाठ्यक्रमों की मुख्य परीक्षा–2020 (मुख्य परीक्षा/भूतपूर्व छात्र परीक्षा/एकल विषय/श्रेणी उन्नयन) की परीक्षायें फरवरी–2020 से प्रारम्भ होनी प्रस्तावित है। सन्दर्भित परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** एवं **www.ccsuweb.in** पर ऑनलाईन भरवाये जा रहे हैं, जिसकी तिथि को दिनांक 31.01.2020 तक विस्तारित किया जा चुका है।

उक्त के सम्बन्ध में निदेशानुसार अवगत कराना है कि ऐसे छात्र/छात्रा जिन्होंने वर्तमान तक भी अपना परीक्षा फार्म नही भरा है, वे अन्तिम तिथि दिनांक 31.01.2020 तक प्रत्येक दशा में अपना परीक्षा फार्म भरा जाना सुनिश्चित करें। अन्तिम तिथि 31.01.2020 के पश्चात् परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु कोई तिथि विस्तार नहीं किया जायेगा।

यहाँ यह भी सूच्य है कि ऐसे छात्र/छात्रा जिनके परीक्षा फार्म में किसी प्रकार की त्रुटि/परेशानी है, ऐसे परीक्षार्थी समस्त साक्ष्यों एवं सूचनाओं, यथा :– नाम, पता, ई–मेल, दूरभाष/मोबाईल एवं कक्षा आदि को अपने स्पष्ट प्रत्यावेदन में अंकित करते हुये अन्तिम तिथि दिनांक 31.01.2020 तक ईमेल **dyregistrarexam@ccsuniversity.ac.in** एवं **examcontoller@ccsuniversity.ac.in** पर आवश्यक रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे परीक्षा फार्म में आयी त्रुटि/परेशानी को विश्वविद्यालय नियमानुसार ठीक कराया जा सके।

24/01/2020

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्व महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अपने महाविद्यालय/संस्थान में अध्ययनत समस्त सन्दर्भित परीक्षार्थियों को व्यापक रूप से अवगत कराते हुये महाविद्यालय/संस्थान के स्तर पर ही सन्दर्भित छात्र/छात्राओं की समस्या का समाधान कराना सुनिश्चित करें।
02. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
03. वैयक्तिक सहायक–प्रति कुलपति को, माननीय प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
04. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
05. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ प्रेषित।
06. वयैक्तिक सहायक–वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ प्रेषित।
07. लेखाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।
08. उप कुलसचिव (गोपनीय/लेखा/सामान्य/कमैटी सैल/अति गोपनीय विभाग)।
09. समस्त अनुभाग प्रभारी, परीक्षा विभाग/पूछताछ केन्द्र/सूचना पट।
10. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता/प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।
11. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत कम्पनी, को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त समस्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्मों को विश्वविद्यालय नियमानुसार ही भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करे।

24.01.2020

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)